# श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभा यात्रा 06 अप्रैल को, दिखेगी धारी देवी की झांकी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
त्रयोदशी श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभा यात्रा 06 अप्रैल को निकाली जाएगी। यात्रा में विशेष रूप से उत्तराखंड के केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम और पहली बार मां धारी देवी की झांकी के साथ हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों की झांकी भी देखने को मिलेगी।
रविवार को प्रेस क्लब में श्री पृथ्वीनाथ महादेव जी मंदिर सेवादल के नेतृत्व में विभिन्न मंदिरों, धर्मार्थ एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। बताया गया कि अखिल



भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी महाराज के सानिध्य में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर निकलने वाली झांकी 06 अप्रैल को शाम 3:30 बजे से देहरादून के शिवाजी धर्मशाला से प्रारंभ होगी।
झांकियों पर रचनात्मक संदेश देते बैनर जल ही जीवन है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ गंगा, नारी का सम्मान करो, स्वच्छ भारत आदि भी होंगे।
पहली बार लेजर लाइटों के माध्यम से झांकियां और भव्य शो देखने को मिलेगा, जिसके लिए मुंबई से कलाकारों की टीम आएगी। यात्रा से एक दिन पूर्व 05 अप्रैल की रात्रि को शिवाजी धर्मशाला देहरादून में लेजर लाइट से रामजी की लीला दिखाई जाएगी। जिसमें पहली बार हवा में उड़ते हनुमान जी आदि सभी को आकर्षित कर देंगे। झांकी शिवाजी धर्मशाला से प्रारंभ होकर सहारनपुर रोड, झंडा बाजार, रामलीला बाजार, धामावाला पलटन बाजार, घंटाघर, चकराता रोड, बिंदाल चौक से तितक रोड, भंडारी चौक से वापिस शिवाजी धर्मशाला में रात्रि 9.30 बजे विश्राम लेगी। रविवार 9 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कन्याओं का विवाह सामूहिक रूप से 14 मई को होगा। वर्तमान में ऐसी कन्याएं अपना पंजीकरण करवा सकती हैं। निशुल्क दिव्यांग चिकित्सा शिविर भी लगाया जाएगा।

# बीटीएस कार्ड चुराने वाले दो गिरफ्तार

**8 पुलिस ने दोनों के पास से 02 सिल्वर प्लेट बीटीएस कार्ड बरामद किए हैं। दोनों चालान कर दिया है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर थाना क्षेत्र स्थित एक मोबाइल कंपनी के टावर से बीटीएस कार्ड चुराने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से 02 सिल्वर प्लेट बीटीएस कार्ड बरामद किए हैं। दोनों आरोपितों का पुलिस ने चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक आइडिया मोबाइल कंपनी का ज्वालापुर स्थित अहबाब नगर बने टॉवर पर तैनात इलेक्ट्रिशियन शेर सिंह पुत्र नन्हे सिंह निवासी शिवलोक कॉलोनी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात चोरों ने बीते शुक्रवार की रात उनके टॉवर



से 02 सिल्वर प्लेट (बीटीएस कार्ड) चोरी कर लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपितों गुलबहार पुत्र समीम निवासी अहबाबनगर व मुशर्रफ पुत्र नजीर को टावर से चोरी बीटीएस कार्ड के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## सड़क स्वीकृत होने से घंटाकर्ण धाम की राह आसान

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
टिहरी जिले के नरेंद्र नगर विकासखंड में गजा डांडा की पहाड़ियों में स्थित घंटाकर्ण धाम मंदिर में श्रद्धालु अपने वाहनों से आसानी से जा सकेंगे। स्थानीय विधायक व कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के प्रयासों से यहां मार्ग के निर्माण को शासन की ओर से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।
गौरतलब है कि कठिन पहाड़ियों एवं दुर्गम रास्तों से होकर श्रद्धालु घंटाकर्ण धाम के लिए जाते हैं। अब श्रद्धालु गजा पसरखेत होते हुए गोतांचली तक वाहनों से जा सकेंगे। मंत्री की मांग पर शासन ने घंटाकर्ण धाम के मार्ग के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है।

# गंगा सभा प्रत्येक रविवार को चलाएगी घाट सफाई अभियान

**8 आज श्री गंगा सेवक दल के तत्वावधान में इस अभियान का श्रीगणेश किया गया है। इसमें सभी का सहयोग लिया जाएगा**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री गंगा सभा हरिद्वार द्वारा प्रत्येक रविवार को गंगा घाटों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। आज हरकी पैड़ी पर मां गंगा का पूजन कर इस अभियान की शुरूआत की गई। सभा के श्री गंगा सेवक दल के तत्वाधान में यह अभियान चलाया जाएगा।
गंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने कहा कि मां गंगा हम



सभी की पूज्य हैं। रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक संस्कारों को करने के लिए यहां आते हैं। मां गंगा के तट साफ और स्वच्छ रहें, इसके लिए सभा संकल्पबद्ध है।
आज श्री गंगा सेवक दल के तत्वावधान में इस अभियान का श्रीगणेश किया गया है। शीघ्र ही इस अभियान में सभी का सहयोग लिया जाएगा।
इस अवसर पर श्री गंगा सभा के स्वागत मंत्री डॉ सिद्धार्थ चक्रपाणी, सचिव अवधेश पटुवर, शिवांकर चक्रपाणी, दीपांकर चक्रपाणी, पुनीत झा, वैभव भक्त, अंश झा, प्रणव सीखोला, अंश त्रिपाठी, प्रदीप जयवाल, हिमांशु ख्याली के आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पार्ले एग्रो ने की स्मूध फ्रूट लस्सी की पेशकश

**देहरादून।** पार्ले एग्रो ने अपने डेयरी ब्राण्ड स्मूध के तहत एक और नया उत्पाद स्मूध फ्रूट लस्सी लॉन्च किया है। नये लॉन्च- हुए इस उत्पाद का रोजाना सेवन किया जा सकता है। मन को खुश कर देने वाली यह लस्सी तरह-तरह के फ्लेवर्स में आती है और इसमें स्वादिष्ट फलों और दही की अच्छाइयों का शानदार संयोजन है। पार्ले एग्रो ने स्मूध फ्रूट लस्सी के लिये अपने नेशनल ब्राण्ड एम्बेसेडर वरुण धवन के साथ एक नया कैम्पेन लॉन्च किया है। स्मूध फ्रूट लस्सी में बेवरेजेज, दही और फलों के लिये भारत के प्यार की प्रशंसा की गई है। इन तीनों पसंदीदा चीजों के मिलने से पार्ले एग्रो की फ्रूट लस्सी का ताजगी देने वाला और स्वादिष्ट मिश्रण तैयार होता है, जिसे उपभोक्ता अपने दैनिक आहार में शामिल कर सकते हैं। यह गाढ़ी, क्रीम से भरी और स्वाद से भरपूर लस्सी तीन अलग वैरियेंट्स में आती हैं- ह्यग्वावा चिलीह्न, जोकि मीठे अमरुद और तीखी मिर्च का देसी मिश्रण है, ह्यबनाना रम फ्लेवरह्न जो गर्माहट के साथ केले का मीठा स्वाद देती है और ह्यमिक्ड बेरीजह्नजो स्ट्रॉबेरी, ब्लूह्यबेरीज और क्रैनबेरीज का एक स्वादिष्ट मिश्रण है। यह स्वाद भारतीयों की पारंपरिक पसंद को ध्यान में रखकर सावधानी से तैयार किये गये हैं। स्मूध फ्रूट लस्सी के लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, पार्ले एग्रो की संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं सीएमओ नादिया चौहान ने कहा कि भारत डेयरी से प्यार करने वाला देश है। इस बात को ध्यान में रखकर और स्मूध फ्लेवर्ड मिल्क की भारी सफलता को देखते हुए, हमने अपने स्मूध डेयरी ब्रांड का विस्तार किया है और एक और बेजोड़ पेशकश स्मूध फ्रूट लस्सी लॉन्च की है। भारत के लोग दशकों से फलों और दही को काफी पसंद करते हैं। हमारी नई पेशकश से उपभोक्ताओं को सिर्फ 10 रुपये में अनोखे स्वादों की विविधता में अपना पसंदीदा स्नेक पीने योग्य रूप में मिलेगा।

### स्विगी ने बिलबोर्ड लगाकर मनाया व्यंजनों के प्रति देहरादून के प्रेम का उत्सव

**देहरादून।** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने खानपान के प्रति देहरादून के प्रेम का उत्सव मनाने का विशिष्ट तरीका अपनाया है। इसके लिए पूरे शहर में बिलबोर्ड लगाए गए हैं, जिनमें शहर में सबसे ज्यादा आर्डर किए जाने वाले डिश और शहर के टॉप डिलीवरी पार्टनर्स को प्रदर्शित किया गया है। पूरे शहर में लगे इन अनूठे बिलबोर्ड में शहर के कुछ सबसे खास ऑर्डर ट्रेंड की झलक दिखती है। रसमलाई से लेकर चिकन चंगेजी तक, इन बिलबोर्ड में न केवल टॉप डिश प्रदर्शित की गई हैं, बल्कि उन सर्वश्रेष्ठ रेस्टोरेंट के बारे में भी बताया गया है, जिन्हें आपको आजमाना चाहिए। स्विगी बिलबोर्ड पर देहरादून की टॉप 5 डिश प्रदर्शित करते डिलीवरी पार्टनर प्रवीण कुमार तागरा प्रवीण कहते हैं स्विगी मेरे जीवन में गेम चेंजर बनकर आया है। इसने न केवल मुझे आय का सतत साधन दिया है बल्कि अपने परिवार को सर्वश्रेष्ठ जीवन देने के मेरे सपने को पूरा करने में सहायता भी दी है। साथ ही इसने हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज जैसा फायदा भी दिया है। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे मेरे जैसे अन्य डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स को प्रशिक्षित करने और ग्राहकों के पसंदीदा रेस्टोरेंट से उनका पसंदीदा भोजन उनके दरवाजे तक पहुंचा कर उन्हें खुशी देने का मौका मिला है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रेस्टोरेंट में शुमार फाइव स्टार जनता रेस्टोरेंट के मालिक राघव खुराना ने कहा कि स्विगी हमारी सफलता की कहानी का बहुमूल्य साझेदार है, जिसने हमें अपना कस्टमर बेस और ऑर्डर बढ़ाने में सहायता दी है। इस प्लेटफॉर्म से हमारी पहुंच बढ़ी है और हमने नए क्षेत्रों में भी कदम रखा है। इससे हम ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को सर्विस देने और अपना कारोबार बढ़ाने में सक्षम हुए हैं। हमें व हमारे ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने की दिशा में उनका सतत सहयोग एवं उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। हम इस साझेदारी के लिए आभारी हैं और आगे भी स्विगी के साथ बेहतर गठजोड़ की उम्मीद करते हैं।
देहरादून की खानपान की संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्विगी यहां अपने हीरो डिलीवरी पार्टनर्स में शामिल श्री प्रवीण कुमार तागरा की सफलता का जश्न भी मना रही है। प्रवीण को उनके शानदार काम के लिए जाना जाता है। उन्होंने कभी कोई ऑर्डर कैंसल या रिजेक्ट नहीं किया है। 2020 में स्विगी से जुड़ने के बाद से अपनी मेहनत के दम पर दो बाइक समेत उन्होंने बहुत कुछ हासिल किया है। नए डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स को प्रशिक्षण देते हुए और काम के दौरान भी उन्हें सहयोग देते हुए प्रवीण कंपनी के विकास में भी योगदान दे रहे हैं।

### केएफसी ला रहा है द चिकन फीस्ट वीक 31 मार्च से 9 अप्रैल तक

**देहरादून।** यदि आपने पिछले कुछ दिनों में अपने पसंदीदा क्रिस्पी चिकन को मिस किया है और अब आप और इंतजार नहीं कर सकते, तो तैयार हो जाईये क्योंकि आप ही के जैसे फैंस के लिए केएफसी ला रहा है द चिकन फीस्ट वीक, जिसमें लजीज क्रिस्पी स्वाद को चखने के लिए सीमित अवधि का ऑफर सिर्फ 31 मार्च से 9 अप्रैल तक है। इस ऑफर में चिकन प्रेमियों को उनके केएफसी फेवरीट्स पर 40प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। तो अब चिकन के बारे में सिर्फ सपने देखना करें बन्द और केएफसी कॉम्बो की वैरायटी में से अपनी पसंदीदा चुनें मात्र 149 में। सभी फैन्स मेनु आईटम

# संयुक्त रोटेशन के 12वीं बार संजय शास्त्री बने अध्यक्ष

**8 रोटेशन के अंतर्गत लगभग 15 सौ गाड़ियों के काफिले को यात्रा में संचालित किया जाएगा।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की विश्व विख्यात चारधाम यात्रा 2023 को सुचारू रूप से चलाए जाने के लिए एक बार फिर नौ कंपनियों द्वारा संजय शास्त्री पर 12वीं बार विश्वास जताते हुए संयुक्त रोटेशन का अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में यातायात सहकारी संघ के मनोज ध्यानी को चुना गया है। रविवार को हुई बैठक में बताया गया कि इस बार रोटेशन के अध्यक्ष पद पर व्यक्ति को सहकारी संघ की ओर से चुना जाना था, परंतु संयुक्त रोटेशन में शामिल सभी नौ कंपनियों ने सहमति बनाते हुए यह निर्णय लिया है।
रविवार को जीएमओ कार्यालय में आयोजित सभी प्रमुख परिवहन कंपनियों के अध्यक्षों की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष चार धाम यात्रा का संचालन करने वाली संस्था संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति में उत्तराखंड की पहले से संचालित होने वाली प्रमुख नौ परिवहन कंपनियों को ही शामिल किया जाएगा।
सर्वसम्मति से गढ़वाल मंडल कान्ट्रैक्ट कैरीज कंपनी के अध्यक्ष संजय शास्त्री को 12वीं बार अध्यक्ष व यातायात पर्यटन एवं विकास सहकारी संघ लिमिटेड कंपनी के अध्यक्ष मनोज ध्यानी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।
बैठक में रोटेशन के अध्यक्ष संजय शास्त्री ने कहा कि परिवहन विभाग की ओर से बाहरी वाहनों को छूट देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार ऐसे वाहनों पर रोक लगाएं और उत्तराखंड के वाहन स्वामियों को प्राथमिकता प्रदान करें। साथ ही उन्होंने कहा कि तमाम परिवहन कंपनियां परिवहन विभाग द्वारा वाहनों में लगाए जाने वाले जीपीएस का विरोध करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि रोटेशन के अंतर्गत लगभग 15 सौ गाड़ियों के काफिले को यात्रा में संचालित किया जाएगा।
बैठक में जीएमओ के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल, टीजीएमओ के अध्यक्ष जितेंद्र नेगी, यातायात परिवहन कंपनी के उपाध्यक्ष नवीन रमोला, रूपकुंड कंपनी के अध्यक्ष भोपाल सिंह नेगी, जीएमसीसी के संचालक सुधीर राय, गढ़वाल मंडल बहुउद्देशीय सहकारी समिति के संचालक विनोद भट्ट, रूप कुंड कंपनी के सचिव देवेंद्र सिंह रावत, सीमांत सहकारी समिति के सचिव नंदन सिंह भंडारी, संचालक चरण सिंह गढ़िया, जीएमओ के संचालक कुंवर सिंह रावत, नरेंद्र सिंह नेगी, नवीन तिवाड़ी, हर्ष सिंह रावत, यशवंत सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## डॉ. अमंद मिश्र को मिला वेद पंडित पुरस्कार

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में वेद विभाग के सहायक आचार्य डॉ. आनंद मिश्र को उत्तर प्रदेश सरकार ने 'वेद पंडित' पुरस्कार से सम्मानित किया है। डॉ. अमंद मिश्र को यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से प्रदान किया गया।उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से इस वर्ष संस्कृत क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए 48 विद्वानों को यह पुरस्कार दिया गया। जिसमें 'वेद पंडित' पुरस्कार के लिए डॉ. मिश्र भी शामिल हैं।

# रोडवेज बस खाई में गिरी, 23 लोग घायल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के देहरादून में रविवार दोपहर को मसूरी-देहरादून मोटर मार्ग पर आईटीबीपी कैंप, शेरगढ़ी के पास खाई में गिर गई। बस में 23 यात्री सवार थे। दुर्घटना में सभी यात्री घायल हो गए। इनमें से 03 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस, एसडीआरएफ एवं आईटीबीटी की टीम ने राहत बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मसूरी-देहरादून मोटर मार्ग पर आईटीबीपी कैंप, शेरगढ़ी के पास रोडवेज बस (यूके07-जीए-



4158) अनियंत्रित होकर 100 मीटर खाई में गिर गई। बस में 23 यात्री सवार थे। दुर्घटना में सभी घायल हो गए, जिसमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से मैक्स, कोरोनेशन एवं दून अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल यात्रियों की बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

# गंगा स्नान को आ रहे यात्रियों की कार दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**8 घायलों में चार लोगों की हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार गंगा स्नान करने दिल्ली से आ रहे आठ यात्रियों की कार रुड़की के मंगलौर में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों में चार लोगों की हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बाकी घायलों का इलाज रुड़की के सिविल अस्पताल में चल रहा है।
जानकारी के मुताबिक, नई



दिल्ली के थाना सब्जी मंडी के कबीर बस्ती मलकगंज निवासी 8 लोग कार में सवार होकर गंगा स्नान के लिए हरिद्वार की ओर निकले थे। उनकी कार रुड़की के मंगलौर के पास पहुंची थी, तभी उनकी कार अनियंत्रित हो गई और सीधे हाइवे पर बने डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने घायलों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला। कार हादसे की सूचना पर मंगलौर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को 108 के माध्यम से रुड़की के सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने तरुण उम्र 24 वर्ष पुत्र गुलशन शर्मा को मृत घोषित कर दिया। वहीं विपिन, विनय, लक्ष्य और लक्की की हालत गंभीर है, जिन्हें एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है। इसके अलावा गगन, पुनीत और हिमांशु का उपचार रुड़की सिविल अस्पताल में चल रहा है।

# चमोली: रैतोली गांव में नवनिर्मित नंदा देवी मंदिर में हुई मूर्ति स्थापना

**8 घायलों में चार लोगों की हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के बंड क्षेत्र के नौ गांव की महिलाओं ने रविवार को नंदा देवी मंदिर के जीर्णोद्धार के पश्चात नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना की गई। इस अवसर पर रैतोली गांव से मंदिर परिसर तक भव्य कलश यात्रा निकाली।
बंड मंदिर समिति के अध्यक्ष पूरण सिंह चौहान ने बताया कि आज कलश यात्रा के साथ ही मां नंदा की मूर्ति को नये



मंदिर में विधि विधान और पूजा अर्चना के साथ स्थापित किया गया। दो अप्रैल से छह अप्रैल तक नवनिर्मित मंदिर प्रांगण में चंडी सप्तशती का पाठ किया जायेगा, जिसके पश्चात भक्तों को आशीर्वाद वचन सहित प्रसाद वितरित किया जायेगा।
मंदिर समिति के महामंत्री सुनिल कोठियाल ने कहा कि नंदा देवी मंदिर के जीर्णोद्धार में समस्त बंड क्षेत्र के लोगों और दानदाताओं ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया।
उन्होंने सभी लोगों से इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की बात कही।
बंड विकास संगठन के पूर्व अध्यक्ष अतुल शाह ने कहा कि जीर्णोद्धार के पश्चात मंदिर बेहद सुंदर और भव्य बना है।

# भारतपे ने वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म के साथ की साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** फिनटेक उद्योग में भारत के अग्रणी नामों में से एक भारतपे ने आज वूमैन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूईपी) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी का उद्देश्य पूरे भारत में महिला उद्यमियों की व्यावसायिक विकास की यात्रा में सहयोग करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। साझेदारी के तहत एक ऐसे मजबूत ईकोसिस्टम का निर्माण किया जाएगा, जिसमें देशभर के विभिन्न हिस्सों से महिला उद्यमियों को एक प्लेटफॉर्म पर एकत्र किया जाएगा। साथ ही, उन्हें आवश्यक डोमेन ज्ञान के साथ-साथ अपने व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वित्तीय और तकनीकी जानकारी से लैस भी किया जाएगा। फोकस क्षेत्र अपनी तरह के पहले एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के विकास की सुविधा प्रदान करेगा जो सहकर्मी सहायता, सलाह, नेटवर्किंग चौनल और लर्निंग रिसोर्सेज की एक विस्तृत रेंज तक पहुंच प्रदान करता है। भारतपे ग्रुप द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल ह्यभारतपे केयर्सह्न के तहत लॉन्च की गई यह साझेदारी नए और विश्वसनीय फिनटेक समाधानों के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने की ब्रांड फिलॉस्फीके अनुरूप है। यह विशिष्ट पहल भारतपे कंपनी पेबैक के सीएसआर कार्यक्रम के तहत है।
इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए भारतपे के सीएफओ और अंतरिम सीईओ नलिन नेगी ने कहा कि हालांकि भारत एक स्टार्टअप और यूनिकॉर्न हब है, लेकिन देश में महिला उद्यमियों की हिस्सेदारी अभी भी कम है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि भारत में महिलाओं के बीच उद्यमिता से संबंधित संभावनाओं को सामने लाना अभी बाकी है।

